# UNIVERSITY GRANTS COMMISSION
# NET BUREAU

**Code No. : 16**

## Subject : MUSIC

### SYLLABUS AND SAMPLE QUESTIONS

HINDUSTANI, KARNATAK, RABINDRA SANGEET
[VOCAL-INSTRUMENTAL AND MUSICOLOGY]
AND PERCUSSION

Note :

This paper will contain questions with multiple choice and fill in the blanks type. It includes topics which are general in nature and the core syllabi covered by most of the universities in their post-graduate courses. These questions are intended to test the range of the candidate's knowledge of key definitions, concepts, movements and other relevant facts.

The Paper-II will be divided into two parts. Part-A will have 25 multiple questions common for Hindustani, Karnatak, Rabindra Sangeet (Vocal-instrumental and Musicology) and Percussion while Part-B of Paper-II will have separate sections for each specialised area as mentioned above having 25 multiple questions of 2 marks each in each section. Candidates will be required to attempt 25 multiple questions from Part-A invariably and 25 multiple questions from their specialised area such as from Hindustani, Karnatak, Rabindra Sangeet (Vocal-instrumental and Musicology) and Percussion. Thus total marks of Paper-II will cover 100 marks of 50 multiple questions (two marks for each question).

The Paper-III being of more descriptive nature endeavours to assess the candidate's proficiency and grasp of all issues related to creative process of his/her area. The Questions will involve descriptive answers from the candidates and will test his calibre of in depth understanding of their subject related to all the topics referred to under Paper-II and also test the candidate's expression, power, creativity and imagination.

The Paper will be divided in two Parts-A & B. Part-A will consist of 10 units having two questions each from the Core Syllabus of Paper-II. The candidates will be required to attempt 10 questions in all by selecting one question from each Unit. Each Question will carry 16 marks and the Candidates will have to answer the Question in 300 words.Thus Part-A of Paper III will carry a total of 160 marks.

Part-B of Paper III will have one question of 40 marks with its subparts A, B, C, D (10 marks allotted to each subpart). Candidates are required to attempt this one question (11th in number) with its subparts from their specialised area only i.e., Hindustani/Karnatak/Rabindra Sangeet/Percussion.

All the topics related to Paper-II will be incorporated in Part-A of Paper-III while Part-B of Paper-III covers the topics related to the broader divisions as given below, which are same for each area but the candidates are required to attempt the eleventh question with its subparts from his/her specialised area.

## PAPER-II and Paper-III (A) [ CORE GROUP ]

### 1. Technical-Terminology

Nada, Shruti, Swara, Grama-Moorchana, Jati, Raga, Tala, Tan, Gamak, Gandharva-Gaan, Marga-Deshi, Giti, Gaan, Varna, Alankar, Melody, Harmony, Musical Scales, Musical intervals, Consonance-Dissonance, Harmonics, Western and South Indian terminology and their explanation, Drone, Alpatva-Bahutva, Abirbhav-Tirobhav, Uthan, Peshkar, Kayda, Rela, Rang, Laggi, Ladi, Farshbandi, Tala, Laya, Matra, Avartan, Vibhag, Sashabda Kriya, Nishabda Kriya, Theka, Saral Gat, Adi Gat, Chakradar Gat, Farmaishi Gat and other variety of Gats and Kayadas, Upanga, Bhashanga, Gita, Kriti, Kirtana, Jatiswara, Pada, Swarjati, Ragmalika, Tillana, Nyasa, Amsa, Prasa, Yati, Anuprasa, Alapana, Neraval, Sangati and other terms, Gitinatya, Nritya-natya, Baitalik, Varsha-Mangal, Basantotsav, Gita-Bitana, Swara-Bitana, Akarmatrik notation, Masitkhani and Rajakhani Gat.

### 2. Applied theory

Detailed and critical study of Ragas, classification of Ragas, i.e., Grama Raga vargikaran, Mela Raga Vargikaran, Raga-Ragini Vargikaran, Thata Raga Vargikaran, and Raganga Vargikaran, time-theory of Ragas, Application of melody and harmony in Indian Music, Placement of Shuddha and Vikrit Swaras on Shruties in ancient, medieval and modern period.

Detailed knowledge of prevalent talas of Hindustani music, knowledge of tala Dashpranas and Marga and Deshi talas of ancient period, the original principles of making Tihai, Chakradar Gat, Chakradar Paran, comparative study of Hindustani and Karnatak tala system with special reference to ten pranas of tala, detailed study of different layakaris viz, Dugun, Tigun, Chaugun, Ada, Kuada, Viyada and method to apply them in compositions.

Tagore's treatment of Hindustani ragas and raginis, elements of Hindustani classical music, Karnatak music, Western music, music from other provinces, folk music and Kirtan of Bengal and their influence on Tagore's treatment of ragas.

3. **Compositional forms and their Evolution**

Prabandha, Dhrupad, Khyal, Dhamar, Thumri, Tappa, Tarana, Chaturang, Trivat, Vrindagana, Vrinda Vadan, Javeli, Kriti, Tillana, Alap, Varnam (Pad Varnam and Tana Varnam), Padam, Ragam, Tanam, Pallavi, Gita, Varna, Swarajati, Kalpita, Sangita, Ragamalika, Narvallu, Swara Kalpana (Manodharma Sangeet), Tevaram, Divyaprabandham, Tiruppugazh.

Main forms of Rabindra Sangeet.

Akārmatrik notation system. Knowledge of Devanagari script.

History of music of Bengal.

4. **Gharanas and Gayaki**

Origin and development of Gharanas in Hindustani music and their contribution in preserving and promoting traditional Hindustani classical music. Merits and demerits of Gharana system.

Origin and Development of Gharanas in Instrumental music and Percussion and their contribution in promoting traditional Indian classical music, merits and demerits of Gharana system.

Study of the traditions and specialities of different gharanas in vocal, instrumental and percussion group. Desirability and possibility of gharanas in contemporary music.

Guru shishya parampara and different styles of singing and playing in Karnatak Music.

An overall survey of Rabindra Nath Tagore's musical creativity, tonal and rythmic varieties of Tagore's musical compositions including his own experimental variations. Periods and phases of Tagore's musical compositions. (Chronological order may be maintained)

The Cultural atmosphere of Tagore's family (Pathuriaghata and Jorasanko, Calcutta) Thematic variations of Tagore's Music : (Puja, Swadesh, Prem, Prakriti, Vichitra, Anusthanik).

5. **Contribution of Scholars to Indian Music and their textual tradition**

Narad, Bharat, Dattil, Matanga, Sharangadeva, Nanyadeva and others. Lochan, Ramamatya, Pundarik Vitthal, Somnath, Damodar Mishra, Ahobal, Hridaya Narain Deva, Vynkatmakhi, Sriniwas, Pt. Bhatkhande, Pt. V. D. Paluskar, Pt. Omkarnath Thakur, K. C. D. Brahaspati, Dr. Premlata Sharma and others.

Study of ancient, medieval and modern treatises in Percussion instruments like Bharat Natyashastra, Sangeet Samaysar, Radha Govind Sangit Sar, Madrul Mosiqui, Bhartiya Vadyon Ka Itihas, Sangeet Shastra, Bhartiya Sangeet Mei Taal aur Roop, Abhinav Tala Manjari, Bhartiya Sangeet Vadya, and other treatises. Contribution of various Scholars

to percussion instruments like Kudau Singh, Bhagwan Das, Raja Chatrapati Singh, Anokhe Lal, Ahmadjan thirakwa, Shamta Prasad, Kishan Maharaj and others in ancient, medieval and modern period.

Tagore's Musical dramas (gitinatyas) and dance-dramas (nrityanatyas); e.g., Valmiki Pratibha, Kalmrigaya, Mayar Khela, Chitrangada, Chandalika, Shyama and other dramas full of various songs, i.e., dramas like Prayaschitta, Visarjan, Saradotsava, Raja, Phalguni, Taser Desh, Vasanta etc. Tagore's musical creativity in Gitabitan, Part I, II, III, Swarabitan (notation books) Part I-63, Sangeet-Chinta (Vishva-Bharti).

Contribution of prominent Karnatak Scholars, composers and performers and their medieval and modern period like, work such as.Ramamatya, Vyankatmakhi, Tyagraja, Muttu-Swami Dikshitara, Shyama Sastri, Gopal Krishna Bharati, Prof. Sambhamoorti, Papanasam Shivan, Vasantha Kumari, Subbulakshmi, Ramari, T. N. Krishnan and others.

**6. Historical Perspective of Music**

A study of the historical development of Hindustani music (Vocal, Instrumental, Percussion), Karnatak Music and Rabindra Sangeet in ancient, medieval and modern period.

Contribution of Western Scholars to Indian Music.

**7. Aesthetics**

Its origin, expression and appreciation : Principle of aesthetics and its relation to Indian Music.

Rasa theory and its application to Indian Music.

Relationship of Musical aesthetics and Rasa to Hindustani Music (Vocal, Instrumental and Percussion), Karnatak Music and Rabindra Sangeet.

Interrelationship of Fine Arts with special reference to Rag-Ragini Paintings, Dhyan of Ragas and others.

Bibliography of Rabindra Nath Tagore..

**8. Instruments/Dance**

Origin, evolution, structure of various instruments and their well-known exponents of Hindustani (Vocal, Instruments and Percussion), Karnatac Music and Rabindra Sangeet. Importance of Tanpura and its Harmonics.

Classification of Instruments of Hindustani, Karnatac Music in ancient, medieval and modern period. Popular instruments used in Rabindra Sangeet

Elementary knowledge of Indian dances like Kathak, Bharatnatyam, Kuchipudi, Oddissi, Kathakali etc.

9. **Folk Music**

Influence of folk music on Indian Classical Music. Stylisation of folk melodies into ragas.

Popular folk tunes and folk dances of Hindustani, Karnatak and Rabindra Sangeet, such as Baul, Bhatiyali, Lavani, Garba, Kajri, Chaity, Maand, Bhangra, Gidda, Jhoomar, Swang, Pandawani, Amar-Praner Manush Acchhe Prane, Amar Sonar Bangla, Kirtan, Sari, Rai Beshe, Jhumur, Karakattam, Kavadi Attam, Villuppattu, Maiyandi Melam and other prominent folk forms.

Analysis of the elements of Hindustani folk music, Karnatac folk music or South Indian folk music and Rabindra folk Sangeet or folk music of Bengal and the elements regarding their interrelationship.

General study of the folk music of various regions of India like Uttar Pradesh, Rajasthan, Haryana, Punjab, Maharashtra, Bengal and South India.

10. **Music Teaching and Research Technologies**

Guru Shishya Parampara, Sangeet-Sampradaya Pradarsini and the institutional system of music teaching with reference to Hindustani, Karnatak music and Rabindra Sangeet.

Utility of teaching aids like electronic equipments in music education with reference to Hindustani, Karnatak music and Rabindra Sangeet.

The methodologies of music research, preparing synopsis, data collection, field work, writing project reports, finding bibliography, reference material etc. with reference to Hindustani, Karnatak music and Rabindra Sangeet.

Study of interrelation between textual and oral tradition.

## Paper-III (B)
## ( Elective / Optional )

**Elective-I**

Aesthetics, Rasa

**Elective-II**

Gharanas, Baj, Sampradaya, Composers and Musicians.

**Elective-III**

Interdisciplinary studies in Music such as Music and Philosophy, Music and Religion Music and Culture, Music and Social Sciences, Music and Science.

**Elective-IV**

New Trends of Indian Music in Post-Independence Era.

**Elective-V**

Research in Music and its new avenues, Music Education.

**Elective-VI**

Folk Music, Music Festivals, Temple Music.

## SAMPLE QUESTIONS

## PAPER-II

## (HINDUSTANI, KARNATAK, RABINDRA SANGEET AND AVANADYA VADYA)

1. Sharangdev is the author of
   (A) Sangeet Ratnakar
   (B) Sangeet Raj
   (C) Brihaddeshi
   (D) Natyashastra

2. The Song from Gitagovinda portraying the Dasa-avatara commences with the words
   (A) Pralayapayodhi
   (B) Vadasiyadi
   (C) Candanacarcita
   (D) Sritakamalakucamandala

3. 'Taal Kaal Kriya Manam' is mentioned in
   (A) Natyashastra
   (B) Sangeet Ratnakar
   (C) Amar Kosh
   (D) Sangeet Darpan

## PAPER-III (A)

1. Differentiate between Margi and Deshi talas. Describe these talas briefly.

   Or

   Give an estimate of Pre-Tagorean Music Culture of Bengal.

2. What are the factors helpful in the aesthetical presentation of music performance ?

   Or

## PAPER-III (B)

11. Describe the chief characteristics of Western staff notation and write the Sthayi of any Druta Khyal of your Course in staff notation.

    Or

    Discuss the Sapt Talas or enumerate the importance of Manodharma Sangeet.

( हिन्दुस्तानी संगीत, कर्नाटक संगीत, रवीन्द्र संगीत (गायन-वादन एवं संगीत शास्त्र) तथा अवनद्य वाद्य )

**टिप्पणी :**

इस प्रश्न-पत्र में बहुविकल्पीय तथा रिक्त स्थान पूर्ति आदि जैसे प्रश्न समन्वित होंगे। इस सम्यक् पाठ्यक्रम में साधारण प्रकृति के विषय जो कि अधिकांशतः विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर पर पढ़ाए जाते हैं, समाविष्ट हैं। इसका उद्देश्य विभिन्न सांगीतिक परिभाषाओं, विचारधाराओं, प्रवृत्तियों एवं अन्य विशिष्ट तथ्यों से सम्बन्धित परीक्षार्थी के ज्ञान को परखना है।

प्रश्न-पत्र–II दो भागों में विभाजित किया गया है। भाग-A में 25 बहुविकल्पीय प्रश्न हिन्दुस्तानी/कर्नाटक/रवीन्द्र संगीत (गायन-वादन एवं संगीत शास्त्र) तथा अवनद्य वाद्य के परीक्षार्थियों के लिए एक समान हैं जबकि भाग-B में उपरलिखित प्रत्येक विशिष्ट क्षेत्र से सम्बन्धित परीक्षार्थियों के लिए भिन्न-भिन्न रूप से 25 बहुविकल्पीय प्रश्नों को अलग अलग विभागों के रूप में निर्धारित किया गया है। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है। इस प्रकार प्रत्येक विद्यार्थी को 25 बहुविकल्पीय प्रश्न भाग-A में से तथा 25 बहुविकल्पीय प्रश्न अपने विशिष्ट क्षेत्र (हिन्दुस्तानी, कर्नाटक, रवीन्द्र संगीत (गायन-वादन एवं संगीत शास्त्र) तथा अवनद्य वाद्य के लिए दिए गए भाग-B में से करने होंगे। अतः प्रश्न-पत्र–II 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों से युक्त 100 अंकों का होगा (2 अंक प्रति प्रश्न)।

प्रश्न-पत्र–III विस्तारात्मक प्रकृति का है जिसका उद्देश्य परीक्षार्थी की परिपक्वता एवं रचनात्मकता के साथ साथ एवं उसकी विषयों को समझने की क्षमता एवं कल्पना सामर्थ्य का मूल्यांकन करना है। प्रश्नों के विस्तृत उत्तर परीक्षार्थियों की गहन समझ एवं प्रश्न-पत्र–II के लिए निर्धारित सभी विषयों में निपुणता, लेखन, अभिव्यक्ति, रचनात्मक एवं कल्पनात्मक शक्ति को प्रकाशित कर सकेंगे।

यह प्रश्न-पत्र दो भागों में विभक्त होंगे, भाग-A तथा B। प्रश्न-पत्र–II के लिए निर्धारित सम्यक् पाठ्यक्रम पर आधारित दो प्रश्नों से युक्त दस इकाइयाँ इस प्रश्न-पत्र के A भाग में होंगी। परीक्षार्थी को प्रत्येक इकाई में से एक प्रश्न का चयन करते हुए कुल दस प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का होगा, जिसका उत्तर 300 शब्दों में देना अपेक्षित है। इस प्रकार प्रश्न-पत्र—III का A भाग 160 अंकों का होगा।

प्रश्न पत्र—III के भाग-B में एक प्रश्न उसके उपविभागों क, ख, ग, घ (प्रति विभाग के लिए 10 अंक) सहित कुल 40 अंकों का होगा। यह ग्यारहवाँ प्रश्न उसके उपविभागों सहित परीक्षार्थियों को अपने अपने विशिष्द क्षेत्रों (हिन्दुस्तानी, कर्नाटक, रवीन्द्र संगीत (गायन-वादन, संगीत शास्त्र) तथा अवनद्य वाद्य) में से करना अपेक्षित है।

प्रश्न-पत्र–II में दिए गए सभी शीर्षक प्रश्न-पत्र–III के A भाग में समन्वित हैं। भाग B में निहित निम्नलिखित शीर्षक विस्तृत एवं बहु आयामी होने के कारण सभी विशिष्ट संगीत क्षेत्रों के लिए एकसमान हैं। परन्तु परीक्षार्थियों को यह ग्यारहवाँ प्रश्न अपने विशिष्ट क्षेत्र के लिए निर्धारित प्रश्न-पत्र से ही करना अनिवार्य है।

## **प्रश्न-पत्र—II और प्रश्न-पत्र—III (A)** [ कोर विभाग ]

**1. पारिभाषिक शब्दावली**

नाद, श्रुति, स्वर, ग्राम-मूर्छना, जाति, राग, ताल, तान, गमक, गांधर्व-गान, मार्ग-देशी, गीति, गान, वर्ण, अलंकार, मेलोडी, हार्मनी, स्वर-सप्तक, स्वर-अन्तराल, संवाद, विवाद, उपस्वर, पाश्चात्य एवं कर्नाटक पारिभाषिक शब्दावली एवं उनका वर्णन, स्वरित (तानपुरा), अल्पत्व-बहुत्व, आविर्भाव-तिरोभाव, उठान, पेशकार, कायदा, रेला, रंग, लग्गी, लड़ी, फर्शबन्दी, ताल, लय, मात्रा, आवर्तन, विभाग, सःशब्द क्रिया, निःशब्द क्रिया, ठेका, सरल गत, आदि गत, चक्रदार गत, फरमाइशी गत एवं अतिरिक्त प्रकार की गतें और कायदे, उपांग, भाषांग, गति, कृति,

कीर्तन, जातिस्वर, पद, स्वरजाति, रागमालिका, तिल्लाना, न्यास, अंश, प्रास, यति, अनुप्रास, अलापना, नरवल, संगति एवं अतिरिक्त पारिभाषिक शब्दावली, गीतिनाट्य, नृत्य-नाट्य, बैतालिक, वर्षा-मंगल, बसन्तोत्सव, गीतवितान, स्वर-वितान, आंकारमात्रिक स्वर-लिपि, मसीतखानी, रज़ाखानी।

**2. प्रयोगात्मक शास्त्र**

रागों का विस्तृत एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन, रागों का वर्गीकरण ग्राम-राग वर्गीकरण, मेल-राग वर्गीकरण, राग-रागिनी वर्गीकरण, थाट-राग वर्गीकरण एवं रागांग वर्गीकरण, रागों का समय-सिद्धान्त, भारतीय संगीत में मेलोडी एवं हार्मनी का प्रयोग, प्राचीन, मध्य तथा आधुनिक काल में श्रुतियों पर शुद्ध-विकृत स्वरों का स्थापन।

हिन्दुस्तानी संगीत में प्रचलित तालों का विस्तृत ज्ञान, ताल के दश प्राणों एवं प्राचीन काल के मार्ग तथा देशी तालों का ज्ञान, तिहाई निर्माण के मूल सिद्धान्त, चक्रदार गत, चक्रदार परन, ताल के दश प्राणों के संदर्भ में हिन्दुस्तानी एवं कर्नाटक तालों का विस्तृत अध्ययन, विभिन्न लयकारियाँ--दुगुन, तिगुन, चौगुन, आड़, कुआड़, बियाड़ एवं उनके क्रियात्मक प्रयोग सम्बन्धित विस्तृत जानकारी।

टैगोर द्वारा हिन्दुस्तानी राग-रागिनियों का प्रयोग, हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के तत्त्व, कर्नाटक संगीत, पाश्चात्य संगीत, विभिन्न प्रान्तों का संगीत, लोक संगीत और बंगाल का कीर्तन एवं टैगोर के राग-प्रयोगों में इनका प्रभाव।

**3. गेय विधाएँ तथा उनका क्रमिक विकास**

प्रबन्ध, ध्रुपद, ख्याल, धमार, ठुमरी, टप्पा, तराना, चतुरंग, त्रिवट, वृन्द-गान, वृन्द-वादन, जावली, कृति, तिल्लाना, आलाप, वर्णम् (पद-वर्णम् एवं तान-वर्णम्) पदम, रागम्, तानम्, पल्लवी, गीत, वर्ण, स्वरजाति, कल्पित, संगीत, राग-मालिका, नेरावल, स्वर-कल्पना (मनोधर्म संगीत), तेवरम्, दिव्यप्रबन्धम्, तिरूप्रूगज़।

रवीन्द्र संगीत की मुख्य विधाएँ

'अकारमात्रिक' स्वरलिपि, देवनागरी लिपि का ज्ञान

बंगाल का सांगीतिक इतिहास।

**4. घराना और गायकी**

हिन्दुस्तानी संगीत में घराना का उद्गम और विकास एवं पारम्परिक हिन्दुस्तानी संगीत की प्रगति तथा संरक्षण में घरानों का सहयोग। घराना पद्धति के गुण-दोष।

कण्ठ, वादन और अवनद्ध के प्रमुख घरानों का अध्ययन। वर्तमान संगीत में घरानों की आवश्यकता तथा सम्भावनाएँ।

कर्नाटक संगीत की गायन और वादन की विभिन्न शैलियाँ और गुरु-शिष्य परम्परा।

रवीन्द्रनाथ टैगोर के सांगीतिक सृजन का सम्पूर्ण सर्वेक्षण; टैगोर की सांगीतिक रचनाओं की स्वरात्मक एवं लयात्मक विविधताएँ (उनके निजी प्रयोगात्मक विविधताओं सहित)।

टैगोर के परिवार का सांस्कृतिक वातावरण (पथूरीयाघाट एवं जोरासाँको, कलकत्ता)

टैगोर संगीत की विषयपरक विविधताएँ (पूजा, स्वदेश, प्रेम, प्रकृति, विचित्र, अनुष्ठानिक)

## 5. भारतीय संगीत के शास्त्रज्ञों का योगदान एवं उनकी शास्त्रात्मक परम्परा

नारद, भरत, दत्तिल, मतंग, शारंगदेव, नान्यदेव एवं अन्य। लोचन, रामामात्य, पुंडरीक विट्ठल, सोमनाथ, दामोदर मिश्रा, अहोबल, हृदयनारायण देव, व्यंकटमखी, श्रीनिवास, पं० भातखण्डे, पं० डी० वी० पलुस्कर, पं० ओमकारनाथ ठाकुर, के० सी० डी० वृहस्पति, डा० प्रेमलता शर्मा एवं अन्य।

अवनद्य वाद्य सम्बन्धित प्राचीन, मध्यकालीन तथा आधुनिक ग्रंथों—भरत नाट्यशास्त्र, संगीत समयसार, राधागोविन्द संगीत सार, मदरूल मौसीकी, भारतीय वाद्यों का इतिहास, संगीत शास्त्र, भारतीय संगीत में ताल और रूप, अभिनव ताल मंजरी, भारतीय संगीत वाद्य एवं अन्य ग्रंथ। प्राचीन, मध्य एवं आधुनिक काल के अवनद्य वाद्यों के विशेषज्ञ जैसे, कुदऊ सिंह, भगवान दास, राजा छत्रपति सिंह, अनोखे लाल, अहमद जान थिरकवा, शामता प्रसाद, किशन महाराज एवं अन्य का योगदान।

टैगोर के गीतिनाट्य एवं नृत्य-नाट्य—वाल्मीकि प्रतिभा, कालमृगया, मायार खेला, चित्रांगदा, चंडालिका, श्याम एवं अन्य जिनमें गीतों की बहुलता है। प्रायश्चित्त, विसर्जन, शरदोत्सव, राजा, फाल्गुनी, ताशेर देश, वसन्त आदि नाटक। गीतवितान, भाग 1, 2, 3 स्वरवितान (नोटेशन पुस्तक) भाग 1-63, संगीत चिन्ता (विश्वभारती) में टैगोर के सांगीतिक सृजन का ज्ञान।

मध्य एवं आधुनिककाल के कर्नाटक संगीत के प्रमुख शास्त्रज्ञों, रचनाकारों एवं मंचप्रदर्शक कलाकारों का योगदान।

रामामात्य, व्यंकटमखी, त्यागराज, मुत्थूस्वामी दीक्षितर, श्याम शास्त्री, गोपाल कृष्ण भारती, प्रोफेसर सम्बामूर्ति, पापानसम् शिवन, बसन्त कुमारी, सुब्बूलक्ष्मी, रामरी, टी० एन० कृष्णन एवं अन्य।

## 6. संगीत के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में

प्राचीन, मध्य, एवं आधुनिककाल में हिन्दुस्तानी संगीत (कंठ, वादन तथा अवनद्य), कर्नाटक संगीत, रवीन्द्र संगीत का ऐतिहासिक विकास।

पाश्चात्य शास्त्रज्ञों का भारतीय संगीत में योगदान।

## 7. सौन्दर्यशास्त्र

सौन्दर्यशास्त्र का उद्गम, अभिव्यक्ति और परख; सौन्दर्यशास्त्र के सिद्धान्त एवं भारतीय संगीत से सम्बन्ध।

रस सिद्धान्त एवं भारतीय संगीत में इसका प्रयोग।

हिन्दुस्तानी संगीत (कण्ठ, वादन तथा अवनद्य), कर्नाटक संगीत एवं रवीन्द्र संगीत का सांगीतिक सौन्दर्य शास्त्र तथा रस से सम्बन्ध।

राग-रागिनी चित्रों, राग ध्यान इत्यादि के विशेष सन्दर्भ में ललितकलाओं के पारस्परिक सम्बन्ध का अध्ययन।

रवीन्द्रनाथ टैगोर की संदर्भ-ग्रन्थ सूची।

## 8. वाद्य/नृत्य

हिन्दुस्तानी, कर्नाटक तथा रवीन्द्र संगीत में प्रयुक्त होने वाले वाद्य (गायन, वादन तथा अवनद्य क्षेत्र में), उनकी उत्पत्ति, विकास तथा उनके सुप्रसिद्ध कलाकार। तानपुरा तथा उसके उपस्वरों (Harmonics) का महत्व।

प्राचीन, मध्य तथा आधुनिक काल में हिन्दुस्तानी तथा कर्नाटक संगीत के वाद्यों का वर्गीकरण। रवीन्द्र संगीत में प्रयुक्त होने वाले वाद्य।

भारतीय नृत्यों की सामान्य जानकारी : कत्थक, भरतनाट्यम, कुचीपुड़ी, उड़ीसी, कथाकलि आदि।

## 9. लोक संगीत

भारतीय संगीत पर लोक संगीत का प्रभाव। लोक संगीत का रागों में शैलीगत परिवर्तन।

रवीन्द्र संगीत, हिन्दुस्तानी तथा कर्नाटक संगीत की सुप्रसिद्ध लोक धुनें एवं लोक नृत्य यथा : बाउल, भटियाली, लावनी, गरबा, कजरी, चैती, भाँड, भाँगड़ा, गिद्दा, झूमर, स्वाँग, पण्डवानी, आमार प्राण मानुष आछे प्राण, आमार शोनार बांगला, कीर्तन, सारी, राय बेशे, झूमर, करकट्टम्, कवाड़ीअट्टम, विल्लुपोट्टु, मयण्डीमेलम् तथा अन्य प्रसिद्ध लोक विधाएँ।

हिन्दुस्तानी लोक संगीत, कर्नाटक लोक गीत अथवा दक्षिणी लोक संगीत तथा रवीन्द्र संगीत अथवा बंगाल के लोक संगीत में एक दूसरे को प्रभावित करने वाले कारकों एवं तत्वों का विश्लेषण।

भारत के विभिन्न प्रान्तों के लोक संगीत का सामान्य अध्ययन : उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, बंगाल आदि तथा दक्षिणी भारत का लोक संगीत।

## 10. संगीत शिक्षण एवं शोध तकनीक

गुरु-शिष्य परम्परा, संगीत सम्प्रदाय प्रदर्शिनी, हिन्दुस्तानी, कर्नाटक तथा रवीन्द्र संगीत के सन्दर्भ में विद्यालयीन संगीत शिक्षण।

हिन्दुस्तानी, कर्नाटक तथा रवीन्द्र संगीत शिक्षण के सन्दर्भ में इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों एवं शिक्षण में प्रयुक्त की जाने वाली सहायक सामग्री की प्रयोगात्मकता।

हिन्दुस्तानी, कर्नाटक तथा रवीन्द्र संगीत में संगीतात्मक शोध के अन्तर्गत संक्षेपिका, सामग्री संकलन, क्षेत्रीय कार्य, प्रोजेक्ट रिपोर्ट लेखन, संदर्भ ग्रन्थ सूची, संदर्भ सामग्री आदि से सम्बन्धित शोध विधियाँ अथवा शोध प्राविधि।

शास्त्रात्मक तथा मौखिक परम्परा का संगीत में अन्तःसम्बन्ध।

## प्रश्न-पत्र—III (B)

[ ऐच्छिक/वैकल्पिक ]

**ऐच्छिक—I**

सौन्दर्यशास्त्र एवं रस

**ऐच्छिक—II**

घराने, बाज, सम्प्रदाय, रचनाकार व संगीतज्ञ

**ऐच्छिक—III**

अंतःअनुशासनात्मक संगीत विषय—संगीत एवं दर्शन, संगीत एवं धर्म, संगीत एवं संस्कृति, संगीत एवं समाज विज्ञान, संगीत एवं विज्ञान

**ऐच्छिक—IV**

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय संगीत में नवीन प्रवृत्तियाँ

**ऐच्छिक—V**

संगीत में शोध एवं नवीन आयाम, संगीत शिक्षण

**ऐच्छिक—VI**

लोक संगीत, संगीत उत्सव, देवालय संगीत

# नमूने के प्रश्न

## प्रश्न-पत्र—II

**1.** शाङ्‍र्ग देव किस ग्रंथ के लेखक हैं?
(A) संगीत रत्नाकर
(B) संगीत राज
(C) वृहद्‍देशी
(D) नाट्य शास्त्र

**2.** दशावतार की वर्णना गीतगोविन्द के इस गीत में प्राप्त है
(A) प्रलयपयोधि
(B) वदसियदि
(C) चन्दनचर्चित
(D) श्रितकमलाकुचमण्डल

**3.** 'ताल काल क्रिया मानम्' किस ग्रंथ में मिलता है?
(A) नाट्य शास्त्र
(B) संगीत रत्नाकर
(C) अमर कोश
(D) संगीत दर्पण

## प्रश्न-पत्र—III (A)

**1.** मार्गी व देशी तालों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। इन तालों की संक्षिप्त व्याख्या भी कीजिए।

**अथवा**

बंगाल में टैगोर से पूर्व संगीत-संस्कृति का वर्णन कीजिए।

**2.** संगीत प्रदर्शन में सहायक सौन्दर्य तत्व कौन-से हैं?

**अथवा**

## प्रश्न-पत्र—III (B)

**11.** पाश्चात्य स्टाफ नोटेशन की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए एवं अपने पाठ्यक्रम के किसी द्रुत ख्याल की स्थायी को स्टाफ नोटेशन पद्धति में लिखिए।

**अथवा**

सप्त तालों का वर्णन कीजिए अथवा मनोधर्म संगीत के महत्व पर प्रकाश डालिए।

★ ★ ★